# ST. LAWRENCE HIGH SCHOOL

FOR GOD AND COUNTRY

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION

## 2nd Term Test – 2018

**Sub:** HINDI GRAMMAR  **Class:** 3B  **F.M:** 44
**Duration:** 1hr 30 mins.  **Date:** 04.08.2018

---

सफाई से काम करो | अशुद्धियों के अंक काटे जायेंगे |

**(खंड क)**

1) विलोम शब्द:- (1*3=3)

प्रसन्न , योग्य , कुशल

2) निम्न शब्दों के दो - दो पर्यायवाची शब्द लिखो :- (1*3=3)

बादल ,पहाड़ ,रात

3) उचित संज्ञा शब्द से खाली जगह भरो :- (1*3=3)

क) ___________ जल की रानी है |

ख) तोता ________ पर बैठा है |

ग) भारत की राजधानी ___________ है |

**(खंड ख)**

4) लिंग किसे कहते हैं ?लिंग के कितने भेद हैं ? (2+1=3)

5) नाम लिखो :- (3)

क) भारत की किसी ऐतिहासिक इमारत का नाम लिखो |

ख) भारत के प्रधानमंत्री का नाम लिखो |

ग) क्रिकेट के किसी प्रसिद्ध खिलाड़ी का नाम लिखो |

6) लिंग बदलकर वाक्य पुनः लिखो :- (3)

क) बालक गेंद खेल रहा है |

ख) मंच पर गायक ने गाना गया |

ग) माली बाग की देखभाल करता है |

7) एकवचन से बहुवचन बनाओ :- (3)

क) गाँव में झोंपड़ी है |

ख) बाजार से संतरा लाओ |

ग) मेले में बच्चा झूला झूल रहा है |

8) एक के अनेक शब्द लिखो :- (3)

क) चौराहा ख) साप्ताहिक ग) कवि

(खंड ग)

9) निम्न मुहावरों से वाक्य बनाओ :- (4)

क) लाल - पीला होना

ख) घी के दिए जलाना

ग) कान भरना

घ) हवा से बातें करना

10) लिंग पहचानो और वाक्य बनाओ :- (2*3=6)

क) सड़क ख) रोटी ग) फूल

11) "मेरे दादाज़ी" पर एक अनुच्छेद लिखो | (5)

12) अपठित गद्यांश (5)

एक जंगल में दो बकरियाँ रहती थीं | वे गहरी नदी से पानी पीने जाती थीं |नदी के किनारे हरी - हरी घास थी | काली बकरी पानी पीने लगी | भूरी बकरी दौड़ रही थी | तभी अचानक एक चालाक शिकारी आ गया |बकरियों ने उसे देख लिया | वे लंबे पेड़ के पीछे छिप गईं| शिकारी के जाने के बाद ही बाहर आईं| इस प्रकार दोनों ने अपनी जान बचाई|

अनुच्छेद पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दो:-

a) दोनों बकरियाँ पानी पीने कहाँ जाती थीं ? (1)

b) अचानक वहाँ कौन आ गया ? (1)

c) बकरियों ने अपनी जान कैसे बचाई ? (1)

d) विलोम शब्द :- चालाक , लंबा (1)

e) वाक्य बनाओ :- (1)

किनारे :-

Poonam Malhan
25.07.18

# ST. LAWRENCE HIGH SCHOOL

FOR GOD AND COUNTRY

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION

2nd Term Test – 2018

Sub: HINDI GRAMMAR    Class: 3B    F.M: 44

Duration: 1hr 30 mins.    Date:04.08.2018

---

सफाई से काम करो | अशुद्धियों के अंक काटे जायेंगे |

(खंड क)

1) विलोम शब्द:- (1*3=3)

अप्रसन्न , अयोग्य , अकुशल

2) निम्न शब्दों के दो - दो पर्यायवाची शब्द लिखो :- (1*3=3)

बादल-घन,मेघ ,

पहाड़-पर्वत , नग ,

रात- निशा ,रात्रि

3) उचित संज्ञा शब्द से खाली जगह भरो :- (1*3=3)

क) मछली

ख) पेड़

ग) दिल्ली

(खंड ख)

4) पुरुष व स्त्री जाति का बोध कराने वाले शब्दों को लिंग कहते हैं | जैसे -लड़का -लड़की | लिंग के दो भेद हैं - स्त्रीलिंग , पुल्लिंग (2+1=3)

5) नाम लिखो :- (3)

क) भारत की ऐतिहासिक इमारत कुतुबमीनार है |

ख) भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी हैं |

ग) मेरा मनपसंद क्रिकेट खिलाड़ी विराट कोहली है |

6) लिंग बदलकर वाक्य पुनः लिखो :- (3)

क) खिलाड़ी गेंद खेल रही है |

ख) मंच पर गायिका ने गाना गया |

ग) मालिन बाग की देखभाल करती है |

7) एकवचन से बहुवचन बनाओ :- (3)

क) गाँव में झोपड़ियाँ हैं |

ख) बाजार से संतरे लाओ |

ग) मेले में बच्चे झूला झूल रहें हैं |

8) एक के अनेक शब्द लिखो :- (3)

क) चौराहा - जहाँ चार रास्ते हो ख) साप्ताहिक - सप्ताह में एक बार होने वाला

ग) कवि - जो कविता लिखता है

**(खंड ग)**

9) निम्न मुहावरों से वाक्य बनाओ :- (4)

क) लाल - पीला होना- घड़ी खो जाने पर मेरी बहन लाल- पीली हो गई|

ख) घी के दिए जलाना- विदेश से आने पर माँ ने घी के दिए जलाये |

ग) कान भरना - मेरा भाई हमेशा माँ के कान भरता है |

घ) हवा से बातें करना - मेरी कल्पना हवा से बातें करती है |

10) लिंग पहचानो और वाक्य बनाओ :- (2*3=6)

क) सड़क (स्त्रीलिंग)- सड़क बहुत लम्बी है |

ख) रोटी (स्त्रीलिंग)- रोटी गोल है |

ग) फूल (पुल्लिंग) - फूल में खुशबू है |

11) मेरे दादाजी बहुत अच्छे हैं |वह अपना सारा काम खुद करते हैं |वह हमें अच्छी-अच्छी कहानियाँ सुनाते हैं |मेरे दादाजी हमें ज्ञान की बातें बताते हैं|मैं उनके साथ रोज़ घूमने जाता हूँ | (5)

12) अपठित गद्यांश

a) दोनों बकरियाँ गहरी नदी से पानी पीने जाती थीं| (1)

b) अचानक वहाँ एक चालाक शिकारी आ गया | (1)

c) बकरियों ने लंबे पेड़ के पीछे छिपकर अपनी जान बचाई | (1)

d) विलोम शब्द :- चालाक - मूर्ख , लंबा- छोटा (1)

e) वाक्य बनाओ :- (1)

किनारे :- नदी के किनारे मंदिर है |